आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 08.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- उत्तरकाशी जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में पंचायत की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।
- हरिद्वार जिले में करीब 2 लाख 25 हजार टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क जांच प्रदान की गई।
- नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी ने हल्द्वानी कोतवाली का निरीक्षण किया। पुलिस जवानों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन देने के निर्देश दिए।
- राज्य स्थापना दिवस की राजत जयंती के उपलक्ष्य में टिहरी जिले के डोबरा—चांठी पुल पर योग कार्यक्रम का आयोजन।

जिला पंचायत बोर्ड बैठक

उत्तरकाशी के जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत की वार्षिक कार्य योजनाओं पर विचार चर्चा समेत जिला पंचायत की परिसम्पत्तियों पर चर्चा करते हुए अधिक आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के शामिल न होने पर सदन में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। वहीं जिला पंचायत की सदन में लंबित भुगतानों पर भी विचार—विमर्श किया गया है। बैठक में इस दौरान चारधाम यात्रा और माघ मेला को लेकर गहन मंथन भी किया गया।

क्षय रोग

हरिद्वार जिले में करीब 2 लाख 25 हजार टीबी मरीजों की न सिर्फ पहचान की गई, बल्कि उन्हें निःशुल्क जांच प्रदान की गई हैं। साथ ही दवाओं का वितरण और उपचार भी प्रदान किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि जिला क्षय रोग कार्यालय हरिद्वार जिले के लगभग पांच लाख टीबी संभावित मरीजों को टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र योजना के तहत जिले के टीबी मरीजों को स्वास्थ्य पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न व्यक्तियों और सामाजिक संस्थाएं सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अब तक सात हजार से ज्यादा निक्षय मित्र टीबी से लड़ाई में सहारा बन रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत टीबी मरीजों को इलाज पूरा होने तक एक हजार रुपये प्रति माह पोषण भत्ता दिया जाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, जिला स्वस्थ्य समिति और जनशक्ति की सामूहिक भागीदारी से टीबी मुक्त बनने की ओर हरिद्वार जिला अग्रसर है।

जिलाधिकारी अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने जिले में चल रहे विकास कार्यों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उनके द्वारा समीक्षा की जा रही है और विभाग को स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले के लिए मुख्यमंत्री की घोषणाओं और सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है।

पशु परीक्षण

पौड़ी जिले में घुमन्तु पशुपालकों के पशुओं के उपचार के लिए पशुपालन विभाग की ओर से मांडाखाल में आयोजित पशु चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों ने भेड़–बकरी पालन करने वाले घुमन्तु पशुपालकों के झुंड का निरीक्षण किया गया। शिविर में भेड़–बकरियों, घोड़ों और कुत्तों का टीकाकरण किया गया। टीम ने पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ डीवॉर्मर, मिनरल सप्लीमेंट और मैग्नीशियम सल्फेट वितरित किए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि मौसम परिवर्तन के दौरान घुमन्तु पशुओं में परजीवी संक्रमण और खांसी जैसी समस्याएं सामान्य होती हैं। समय पर दवा और पोषक तत्व देने से इन रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विभाग लगातार ऐसे शिविरों के माध्यम से पशुपालकों की सहायता कर रहा है ताकि उनके पशु स्वस्थ रहें और उनकी आजीविका प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिलेभर में घर–घर जाकर पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है।

कोतवाली निरीक्षण

नैनीताल के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी ने हल्द्वानी कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस मैस में पहुंचकर पुलिस जवानों के साथ बैठकर भोजन किया और मैस में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन के मेन्यू की जानकारी ली और निर्देश दिए कि रोज़ाना अलग–अलग व्यंजन तैयार किए जाएं, ताकि जवानों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन मिल सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की भी जांच की और साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

योग कार्यक्रम

राज्य स्थापना दिवस की राजत जयंती के उपलक्ष्य में आज टिहरी जिले के डोबरा–चांठी पुल पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, स्कूल–कॉलेजों के छात्र–छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार और योगासन सत्र से हुई, जिसमें प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व से अवगत कराया।

पुल के मनोरम प्राकृतिक दृश्य के बीच योगाभ्यास का यह आयोजन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा राज्य अपने गठन के 25 वर्ष पूरे कर रहा है। ऐसे में हम सभी को एकजुट होकर राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने कहा कि इन 25 सालों में राज्य ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इसी कड़ी में आज हम बात रहे है कि रियल एस्टेट क्षेत्र में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार नागरिकों की किस प्रकार मदद कर रहे हैं।

शीतलहर/निर्देश

उत्तरकाशी जिले में शीतलहर और संभावित बर्फबारी को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने शीत लहर और हिमपात वाले इलाकों में विभागों को आपसी समन्वय बनाकर समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।